# त्रैमासिक परीक्षा 2024–25

## कक्षा– 09 वीं

## विषय–हिन्दी

समय– 3 घंटा | पूर्णांक – 75

निर्देश

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रत्येक उप प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल प्रश्न 12 है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए है।

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कर लिखिये

- किसे छोड़ने पर किस्मत बनती है –

(अ) भाग्य की दुहाई (ब) कर्म की दुहाई (स) धर्म की दुहाई

- मीठी वाणी बोलने वाला होता है–

(अ) सुभाषी (ब) मितभाषी (स) कटुभाषी (द) मृदुभाषी

- समास के प्रकार होते हैं–

(अ) तीन (ब) चार (स) पाँच (द) छः

- विश्वास शब्द का विलोम शब्द है–

(अ) अल्पविश्वास (ब) अविश्वास (स) भरोसा (द) धोखा

- निम्न में कौनसा तुकांत शब्द नहीं है –

(अ) कान (ब) मान (स) शहर (द) शान

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये –

1. उड़ी एक अफवाह —— की शादी होने वाली है। (सूर्य, चंद्रमा)
2. ..............वायुयान का मिला जुला रूप है। (अंतरिक्ष यान हवाई जहाज)
3. पंजाबराज को................ भी कहा जाता है (श्रृंगारराज, रसराज)
4. एक शहर के निवासी को...............की रोटियों मिले और घड़ा भरा लस्सी और क्या चाहिए ( मक्के की रोटी, चूल्हे की)
5. हेलन केलर की माता का नाम..............................था। (कैथरीन एड्म्स, ऐनीसुलिवन)
6. चूल्हे के पास.....................रखे हुए दिखाई दे रहे थे। (खीर, सिके पापड)

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिये

1. झुरी के बैल मुराई नस्ल के थे।
2. बैलो को गया के ससुराल भेजा गया।
3. जल–प्रलय के कारण पानी शहर में भर गया था।
4. सफेद नमक सफेद रेत को कहा गया।
5. हीरा मोती में गहरी दोस्ती थी।
6. गया झूरी का बेटा था।

प्रश्न 4. सही जोड़ी का मिलान कर कीजिये

| अ | ब |
| --- | --- |
| 1. दो बैलो की कथा | नाटक/संवाद |
| 2. भारतके अंतरिक्ष केंद्र का नाम | जीवनी |
| 3. पसंद | बाढ़ |
| 4. मेहमान नवाजी | इसरो |
| 5. जल–प्रलय | प्रेमचंद |
| 6. हैलन केलर | आतिथ्य सत्कार |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर एक वाक्य में लिखिये–

1. झुरी के बैलों के नाम बताइये।
2. मिजबान क्या परोसना भूल गये।
3. अंतरिक्ष यात्री की उम्र अधिकतम कितनी होनी चाहिये।
4. वे शब्दांश जो मूल शब्द के पश्चातलगाकर नये शब्द बनाते है, क्या कहलाते है।
5. विश्व का सबसे बड़ा अंतरिक्ष संस्थान कौनसा है
6. सूर्य का ब्याह हो जाता तो क्या होता है

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिये–

प्रचण्ड, ताप, प्रयोगशाला, दुर्घटना

अथवा

निम्न शब्दों के तदभव रूप लिखिये –

हस्त, स्वप्न, अग्नि, अश्रु

प्रश्न 7. सच्ची खुशी का हकदार कौन है ?

अथवा

डॉ. ए. वी.जे. अब्दुल कलाम ने किन–किनसे प्रेरणा प्राप्त की।

प्रश्न 8 हीरा और मोती के पारस्परिक व्यवहार के विषय में लिखिए।

अथवा

कांजी हौस में पशुओं के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाता था। बतलाइये।

प्रश्न 9. देशज (देशी) शब्द किसे कहते है? कोई दो देशज शब्द लिखिए

अथवा

निम्मलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कर लिखिये–

गुरुत्वाकर्षण, प्रसिक्षण, संस्थान, संघर्स

प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दो का प्रयोग कर वाक्य बनाए।

यात्री, शैतानी

अथवा

अ तथा अप उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइये

प्रश्न 11. संधि की परिभाषा एवं उसने प्रकार लिखिये

अथवा

निम्नलिखित शब्दो का संधि विच्छेद कीजिये–

विद्यालय, सुरेश, सदैव, निर्धन

प्रश्न 12. प्रत्यय किसे कहते है ? वाला प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाइये

अथवा

पर्यायवाची शब्द लिखिये

कमल, आँख, जंगल, आकाश

13. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिये–

धर्म, असमानता, गुण, ईमानदार

अथवा

मुल शब्दों के बाद में दिए गए शब्दांश जोड़ कर शब्द बनाये-

विज्ञान+इक, स्वभाव+इक, धन+वान, दुकान+दार,

प्रश्न 14. जल–प्रलय के विषय में लिखिए।

अथवा

कबीर की भाषा को पंचमेल खिचड़ी क्यों कहा जाता था

प्रश्न 15. मुहावरे एवं लोकोक्ति में कोई दो अंतर

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ एवं वाक्यों में प्रयोग कर लिखिये

1. अपने पैरो पर कुल्हाड़ी माता
2. आँखों का तारा

प्रश्न 16. निपात–शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित बतलाइये

अथवा

निपात शब्द का प्रयोगकर एक–एक वाक्य बनाइये

केवल, ही, तो, भर

प्रश्न 17. कारक किसे कहते हैं। कारक के कितने भेद होते है

अथवा

शब्द–युग्म किसे कहते है? लंबा–चौडा शब्द युग्म के वाक्य बनाइये

प्रश्न 18. निम्नलिखित विराम चिन्हों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइये

?, ।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिन्हों का प्रयोग कर पुनः लिखिए

1. क्या तुम कल विद्यालय आओगे
2. अहा कितना सुंदर दृश्य है
3. सीता गीता और राधा बाजार गये

प्रश्न 19. अपने प्रिय शिक्षक के विषय में लिखिये

अथवा

अपनी पंसद की कविता की चार पंक्तियाँ लिखिए

प्रश्न 20. जल ही जीवन है। विषय पर एक अनुच्छेद लिखिये।

अथवा

अपनी पढ़ाई के विषय में अपनी सहेली से हुए संवाद का लिखिए।

प्रश्न 21. निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिये–

कारज धीरे होत है काहे होत अधीर ।
समय आय तरुवर फलै केतुक सींचो नीर।

1. नीर शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिये।
2. उक्त दोहे का भावार्थ लिखिए।

531026

अथवा

एकल परिवारों के चलन से मित्रता का महत्व और अधिक बढ़ा है। संयुक्त परिवारों के अभाव में विपरीत परिस्थितियाँ मित्रता की मांग करती है। चूंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है अतः उसके सामाजिक विकास में मित्र की अहम भूमिका है। परिचित तो बहुत होते है पर मित्र बहुत कम ही पाते हैं क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में आवश्यक है– परस्पर विश्वास

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए
2. मित्रता में सबसे आवश्यक क्या है.
3. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिये

प्रश्न 22. स्थानांतरण प्रमाण–पत्र टीसी हेतु प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिन पर बधाई पत्र लिखिए

प्रश्न 23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए –

1. पर्यावरण–प्रदुषण कारण और निदान
2. जीवन में खेलों का महत्त्व
3. अनुशासन: जीवन में आवश्यक
4. इंटरनेट की उपयोगिता तथा दुष्प्रभाव